भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com Phone : 2661263,2737446 Fax: 2737446

क्र0 / 574 / रा0मु0 / स्था. / 2017 भोपाल, दिनांक 8 /5/2017

प्रति,

1- समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.
संभागीय कार्यालय म.प्र.

2- समस्त जिला संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड म.प.
जिला संघ म.प्र.

विषय- मासिक उपस्थित समय पर व सही भेजने के संबंध में ।

उपरोक्त विषयांतर्गत राज्य मुख्यालय भोपाल पर प्रतिमाह की 15 से आगामी माह के 14 तारीख तक की मासिक उपस्थिति सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर से अनिवार्य रुप से भेजे जाने के निर्देश है ।

किनतु प्रायः देखा जा रहा है कि आपकी ओर से समयसीमा में निर्धारित फार्मेट में उपस्थिति प्रेषित नही की जाती है । कुछ कर्मचारियों के पत्र अपठनीय, अस्पष्ट व मोबाईल से भेजे जाते हैं जिससे वेतन तैयार कर प्रस्तुत करने में कठिनाई व विलम्ब होता है ।

इस संबंध में प्रतिमाह दूरभाष पर, विभिन्न बैठकों में स्पष्ट निर्देश दिये जाने पर भी निर्धारित प्रोफार्मा में, सक्षम अध्किारी के हस्ताक्षर, नाम, पदमुद्रा के साथ समय सीमा में उपस्थिति प्राप्त नही हो रही है । आपके द्वारा इस कार्य को गंभीरता से नही लिया जा रहा फलस्वरुप वेतन बिल प्रस्तुत करने में विलंब होता है ।

अतः अंतिम रुप से से निर्देश दिये जाते हैं कि प्रतिमाह 16 तारीख को सायं 5.00 बजे तक अनिवार्य रुप से डाक या मेल से मासिक उपस्थिति निर्धा निम्न प्रोफार्मा में अपने नियंत्रक समक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर पदमुद्रा के साथ, कार्यालय जावक कराकर प्रेषित करें । इस संबंध में कार्यालय द्वारा किसी प्रकार से पृथक से कोई संपर्क, दूरभाष आदि नही किया जावेगा यदि विशेष परिस्थिति में 18 की सायं तक भी उपस्थिति डाक / व्यकिगत / मेल से प्राप्त नही होती है तो वेतन जारी नही हो सकेगा जिसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगें एवं भविष्य में कोई विचार नही किया जा सकेगा।

प्राफार्मा निम्नानुसार है :-

मासिक उपस्थिति प्रपत्र

माह दिनांक...................... से ....तक

क्र.	अधिकारी / कर्मचारी का नाम	माह दिवस	शासकीय अवकाश	कार्य दिवस	लिये गये अवकाश का अलग–2 विवरण(ई एल / सी एल अन्य)	कुल उपस्थिति	विशेष / अन्य जो आवश्यक हो।
1	2	3	4	5	6	7	8

2.

(प्रकाश दिसोरिया)
राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ.क्रमाक / 575 / रा.मु / स्थापना / 2016 भोपाल दिनांक 8/5/2017

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश ।
2. कार्यालय अधीक्षक, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3. लेखाधिकारी / गणक राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त पदेन जिला मुख्य आयुक्त (स्काउट / गाइड) की ओर भेज कर लेख है कि कृपया उपरोक्तानुसार उपस्थिति पत्रक पर पदमुद्रा सहित जानकारी प्रमाणित करें।
5. स्थापना कक्ष ।

(प्रकाश दिसोरिया)
राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश